जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : 1977 दिनांक : 22.6.17

प्रति,

प्राचार्य,
जीविवि से संबंद्ध समस्त महाविद्यालय,

विषयः लंबित परीक्षा परिणाम घोषित करने बावत्।

महोदय/महोदया,

विगत सत्रों में यदि आपके महाविद्यालय से कोई भी छात्र/छात्रा किसी भी परीक्षा में बिना परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क जमा कराये हुये सम्मिलित किया गया है तो उसका परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क दिनांक 28/06/2017 तक उप–कुलसचिव, परीक्षा श्री अरूण सिंह चौहान की ओर व्यक्तिशः भेज कर परीक्षा परिणाम घोषित करावे।

यदि निर्धारित तिथि तक आपकी ओर से ऐसा कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो परीक्षा आवेदन पत्र के अभाव में लम्बित किसी भी प्रकरण को स्वतः समाप्त समझा जावेगा और कालान्तर में लम्बित संबंधित प्रकरण के संदर्भ में प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत/विवाद के लिये आप व्यक्तिशः उत्तरदायी समझे जावेगे तथा संबंधित प्रकरण का विवरण देते हुये आपके विरूद्ध उचित प्रशासनिक कार्यवाही करने के लिये उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, भोपाल की ओर प्रकरण प्रेषित कर दिया जावेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि,

1) माननीय प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर इस निवेदन के साथ कि उ0शि0वि0 की ओर से उचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
2) आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3) अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, क्षेत्रिय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन।
4) कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5) कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव(परीक्षा)